# गायों की पूजा कर उतारी आरती, गोपालकों का सम्मान

## गोपाष्टमी पर राजधानी की गोशालाओं में गौवंश को खिलाया हरा चारा, गुड़

**भोपाल, 29 अक्टूबर. राजधानी भोपाल में बुधवार को गोपाष्टमी धूमधाम से मनाई गई. इस अवसर पर गायों का पूजन कर उन्हें हरा चारा एवं गुड़ खिलाया गया. साथ ही विभिन्न संगठनों ने गोपालकों का भी सम्मान किया.**


दादाजी धाम मंदिर

राजधानी के रायसेन रोड पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर में गोपाष्टमी के शुभ अवसर पर पंडित जी द्वारा सभी भक्तों से भगवान श्री कृष्ण और राधा जी की पूजन कराई गई. पौराणिक मान्यता अनुसार इसी दिन भगवान श्री कृष्ण ने गाय चराना शुरू किया था. यह पर्व गायों की सेवा और पूजा के लिए समर्पित है, जिसे मनाने से सुख-समृद्धि, शांति और सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है. इस दिन गायों को सजाने, उनकी परिक्रमा करने और उन्हें चारा खिलाने का विशेष महत्व है. ऐसी मान्यता है कि इस दिन गायों की पूजा और सेवा करने से सभी संकट दूर होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं.

सेवा संकल्प युवा संगठन के द्वारा बुधवार को कार्तिक शुक्ल अष्टमी तिथि गोपाष्टमी पर गोशालाओं में संगठन के युवाओं ने बछड़े एवं गायों को रोली, चन्दन से तिलक कर मंत्रोच्चार से पूजन आरती कर हरा चारा एवं गुड़ का भोग अर्पण किया, संगठन के अध्यक्ष प्रकाश मालवीय ने बताया कि गोपाष्टमी पर भगवान कृष्ण के साथ गायों एवं गोपालों की पूजन का महत्व है. एम.पी नगर स्थित गायत्री मंदिर एवं मैदामिल की गोशालाओं में संगठन के युवाओं ने गायों की पूजन कर गोशाला के सभी गोपालों का सम्मान कर मिष्ठान वितरित किया, गोपाष्टमी पर ही श्रीकृष्ण पहली बार गाय चराने गए थे, वे बाल श्रीकृष्ण से गोपाल बने थे श्री कृष्ण ने गौ-चारण लीला आरंभ की थी. इस अवसर पर संगठन के संयोजक चेतन भार्गव, लकी नेकी, आशीष अहिरवार, यश जैन, उपस्थित रहे.


गायत्री मंदिर एमपी नगर

### गोपाष्टमी पर गोशाला में किया गायों का पूजन

बृजमोहन रामकली गौ-संरक्षण केंद्र में बुधवार को गौपाष्टमी पर गौपूजन किया गया. केंद्र के अध्यक्ष प्रहलाद दास मंगल एवं सचिव प्रमोद नेमा ने यहां मौजूद गायों को गुड़ ,दाना एवं चापड़ से बनी सानी खिलाकर पूजन कर सभी गौ माताओं की आरती उतारी.



# 2000 ड्रोन करेंगे विरासत से विकास का चित्रण

**मप्र स्थापना दिवस पर सिंगर जुबिन नौटियाल, हंसराज रघुवंशी देंगे प्रस्तुति**

**भोपाल, 29 अक्टूबर. मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर इस बार तीन दिन कार्यक्रम होंगे. समारोह अभ्युदय मध्यप्रदेश के रूप में मनेगा. लाल परेड ग्राउंड में कार्यक्रम के पहले दिन 1 नवंबर को सिंगर जुबिन नौटियाल परफॉरमेंस देंगे.**

मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने बताया, इस बार आयोजन उद्योग एवं रोजगार वर्ष की थीम पर केंद्रित है, जो राज्य के निरंतर विकास, सांस्कृतिक समृद्धि और जनभागीदारी की भावना को दर्शाता है. मुख्य कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री, नागरिक उड्डयन किंजरापु राममोहन नायडू एवं केंद्रीय राज्यमंत्री प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे.

मंत्री लोधी ने बताया, मुख्य समारोह प्रतिदिन शाम 6.30 बजे से शुरू होगा. पहले दिन समारोह का शुभारंभ 2000 ड्रोन के भव्य शो से होगा, जो विरासत से विकास को आकर्षक आकृतियों के माध्यम से प्रदर्शित करेगा. इसके बाद 500 से अधिक कलाकारों की विश्ववंद-श्रीकृष्ण की सांगीतिक यात्रा की समवेत प्रस्तुति होगी. फिर प्रसिद्ध सिंगर जुबिन नौटियाल एवं ग्रुप मुंबई परफॉरमेंस देंगे. इस दौरान आतिशबाजी भी होगी.

समारोह के दूसरे दिन, 2 नवंबर को उज्जैन की संस्था विशाला सांस्कृतिक समिति महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का मंचन करेगी, जो प्रदेश के इतिहास और सुशासन की गाथा को जीवंत करेगा. इसके बाद प्रसिद्ध गायक हंसराज रघुवंशी चंडीगढ़ अपनी संगीत प्रस्तुति देंगे. समारोह के तीसरे और अंतिम दिन, 3 नवंबर को महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का पुन: मंचन किया जाएगा. समारोह का समापन सुप्रसिद्ध गायिका स्नेहा शंकर मुंबई अपनी प्रस्तुति देगी.

मंत्री लोधी ने बताया कि समारोह परिसर में एक जिला-एक उत्पाद शिल्प मेला, स्वाद देशज व्यंजन मेला और विविध प्रदर्शनियां भी आयोजित की जा रही हैं. इन प्रदर्शनियों में विकसित मध्यप्रदेश 2047, मध्यप्रदेश के गौरव, विक्रमादित्य और अयोध्या, मध्यप्रदेश के मंदिर देवलोक और विरासत से विकास जैसे विषय शामिल हैं. अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला ने बताया, शासन ने सभी जिलों में समानांतर रूप से स्थापना दिवस समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है.

## एक नजर में



### कलार समाज ने भगवान सहस्त्रबाहु का किया पूजन

**भोपाल, 29 अक्टूबर.** श्री क्षत्रिय मरठा कलार समाज एवं श्री गणेश सहस्त्रबाहु सांस्कृतिक जनकल्याण समिति भोपाल के तत्वावधान में मंगलवार को भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी का जन्म उत्सव श्री गणेश सहस्त्रबाहु मंदिर परिसर एकतापुरी अशोका गार्डन में मनाया गया. मंदिर परिसर में भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी की विग्रह का पूजन अर्चन, हवन, आरती कर प्रसादी वितरण किया गया और दीपों से स्वास्तिक तथा स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत की आकृति बनाई गई, जिसके बाद पुष्पा नगर पहुंचकर शोभायात्रा में शामिल हुए.



### पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती से की मुलाकात

**भोपाल, 29 अक्टूबर.** दशहरा मैदान अयोध्या बायपास रोड भोपाल में आयोजित गोपाष्टमी कार्यक्रम में मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री उमा भारती से पूर्व बैतूल नगर सुधार न्यास अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल की मुलाकात हुई, इस अवसर पर कामेश्वर सिंह भोपाल आदि मौजूद रहे.



### कहानी संग्रह अंतर्मन की गूंज का लोकार्पण

**भोपाल, 29 अक्टूबर.** भोजपुर क्लब में साहित्यकार मधूलिका श्रीवास्तव के कहानी संग्रह अंतर्मन की गूंज का लोकार्पण किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार मुकेश वर्मा, निदेशक वनमाली सृजन पीठ ने कहा कि कहानी लेखन में प्रेम और मर्यादा का बड़ा स्थान होता है. कार्यक्रम की अध्यक्षता बृजमोहन श्रीवास्तव (प्रमुख राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय महासचिव - राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) ने करते हुए कहा कि हर पुरुष की प्रगति के पीछे एक नारी का हाथ होता है और नारी की प्रगति में परिवार के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण सहयोग होता है. विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष लेखिका संघ अनीता सक्सेना एवं सारस्वत अतिथि वरिष्ठ कहानीकार डॉ. स्वाति तिवारी ने कहानी के बदलते स्वरूप पर अपने विचार व्यक्त किए. विशेष अतिथि डॉ. कुमकुम गुप्ता ने मधूलिका की कहानियों पर अपने विचार व्यक्त किए एवं समीक्षक साहित्यकार कमल चंद्रा ने अंतर्मन की गूँज पर सारगर्भित समीक्षा प्रस्तुत की. कार्यक्रम का संचालन कीर्ति श्रीवास्तव ने किया तथा डॉ. नीता खरे ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की. इस अवसर पर पुष्पा त्यागी ,महेश सक्सेना, चरणजीत सिंह कुकरेजा, साधना शुक्ला, निरुपमा खरे, सुधा दुबे, शेफालिका श्रीवास्तव, मुग्धा श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे.

# फैशन शो मिस भोपाल ग्लेम-2025 का हुआ ऑडिशन

**भोपाल, 29 अक्टूबर. एन.सी.एफ.आई. द्वारा आयोजित फैशन शो मिस एण्ड मिस टिन मध्यप्रदेश ग्लेम - 2025 एवं मिस भोपाल ग्लेम-2025 का ऑडिशन बुधवार को एन.सी.एफ.आई. जोन।।, एम.पी.नगर, भोपाल में हुआ.**



इस फैशन शो का लक्ष्य ऐसे टेलंट को सामने लाना है जिसका व्यक्तित्व में सकारात्मक दृष्टिकोण, श्रेष्ठता और समझदारी का बेहतरीन सहयोजन देखने को मिलता है. इस प्रतियोगिता में 387 से अधिक युवाओं रजिस्टर्ड कराया. जिनमें से 127 युवाओं ने ऑडिशन दिया. दो दिन चले ऑडिशन में मिस एण्ड मिस टिन भोपाल ग्लेम के लिये 15 मॉडल का चयन व मिस मध्यप्रदेश ग्लेम के लिये 12 मॉडल का चयन किया गया. भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, विदिशा, बैतूल के प्रतिभागियों को दिसम्बर 2025 में होने वाले फिनाले में भाग लेंगे. इस शो के डायरेक्टर जहीर खान ने बताया कि यहां पर यंग टेलेंट को निखारने और उज्जवल भविष्य में इनको टेलेंट प्रदान करने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है. इस ऑडिशन के जज डायरेक्टर जहीर खान, प्रियंका नंदा, नावेद खान, त्राषा सक्सेना, आशुतोष दुबे एवं राधिका धाकड़ थे.

## आज भोपाल आएंगे पूर्व कप्तान कपिल देव

**भोपाल, 29 अक्टूबर.** भारत को 1983 में वर्ल्ड कप जिताने वाले क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महान क्रिकेटर कपिल देव गुरुवार को भोपाल आएंगे, वह यहां से विदिशा के लिए रवाना होंगे और विदिशा में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में केंद्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद शिवराज सिंह चौहान के साथ शामिल होंगे. वहीं सांसद खेल महोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया भी शिरकत करेंगे. मनसुख मांडविया विदिशा जिला खेल परिसर में शाम साढ़े 5 बजे सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ करेंगे.

# विद्यार्थियों ने विरासत से विकास विषय पर बनाई पेंटिंग

## प्रतियोगिताएं ...70वें स्थापना दिवस समारोह अभ्युदय मप्र से युवाओं को जोड़ने हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

**भोपाल, 29 अक्टूबर. 70वें स्थापना दिवस समारोह अभ्युदय मध्यप्रदेश से युवाओं को जोड़ने विरासत से विकास विषय पर केन्द्रित प्रश्नोत्तरी एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से भोपाल के विभिन्न महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों में बुधवार को किया गया.**



संचालक, संस्कृति एन.पी. नामदेव ने बताया कि उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, सरोजनी नायडू शासकीय कन्या महाविद्यालय, शासकीय रामानन्द संस्कृत महाविद्यालय, भोपाल में प्रश्न मंच, शासकीय गीतांजली कन्या महाविद्यालय, शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय, राज्य स्तरीय विधि महाविद्यालय, भोपाल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन गया.

एमवीएम कॉलेज, शासकीय कला एवं वाणिज्य नवीन महाविद्यालय, बाबूलाल गौर शासकीय पीजी महाविद्यालय, भोपाल में निबंध प्रतियोगिता एवं हमीदिया महाविद्यालय, एमएलबी कॉलेज एवं शासकीय महाविद्यालय, नरेला, भोपाल में पेंटिंग प्रतियोगिता तथा आईईएस यूनिवर्सिटी, भोपाल में गतिविधियां आयोजित की गईं.

शासकीय रामानंद संस्कृत महाविद्यालय में विरासत से विकास की ओर विषय पर अभ्युदय मध्यप्रदेश प्रश्न मंच प्रतियोगिता हुई. जिसमें शिवम त्रिपाठी प्रथम, अंशु त्रिपाठी द्वितीय और कमल शास्त्री तृतीय स्थान पर रहे.

## ड्रोन टेक वर्कशॉप आज और कल

**भोपाल, 29 अक्टूबर.** मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस समारोह अभ्युदय मध्यप्रदेश के अंतर्गत मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, भोपाल एवं मध्य प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड द्वारा 30 एवं 31 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे से ड्रोन टेक वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है. इसमें ड्रोन तकनीक के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी. इसमें ड्रोन तकनीक क्या है, इसकी लेटेस्ट और ट्रेंडिंग तकनीक कौन सी है, स्वदेशी ड्रोन तकनीक इत्यादि के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की जा सकेगी.

# मशरूम वर्ल्ड फिल्म्स के ऑडिशन के लिए कतार

**ऑडिशन को लेकर युवा कलाकारों में रहा उत्साह**

**भोपाल, 29 अक्टूबर. म्यूकेश छाबड़ा कास्टिंग कंपनी ने मशरूम वर्ल्ड ग्रुप की पहल पर मशरूम वर्ल्ड फिल्म्स के लिए ऑडिशन आयोजित किया. इसके लिए सुबह से ही लंबी कतारें और जबरदस्त उत्साह देखने को मिला.**



सैकड़ों की संख्या में युवा कलाकार, मॉडल्स और एक्टर्स अपने सपनों को हकीकत में बदलने के इरादे से यहां पहुंचे. ऑडिशन स्थल पर माहौल फिल्मी जोश और उम्मीदों से भरा रहा. मशरूम वर्ल्ड फिल्म्स की यह पहल ग्रुप की उस सोच को दर्शाती है जिसमें नए और उभरते कलाकारों को एक सशक्त मंच दिया जा रहा है. कंपनी का उद्देश्य प्लेटफ़ॉर्म फ़ॉर द न्यू टैलेंट ऑफ इंडिया बनना है. कंपनी की फिल्म घोड़ी पे हो के सवार को दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड्स के लिए नामांकन भी मिल चुका है.

## रोजगार मेले का आयोजन कल

**भोपाल, 29 अक्टूबर.** युवा संगम (रोजगार मेला) का आयोजन 31 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से जिला रोजगार कार्यालय परिसर, ईदगाह हिल्स, भोपाल में किया जा रहा है, जिसमें 17 मल्टीनेशनल कंपनियां शामिल होंगी. जिला रोजगार अधिकारी ने मप्र के रोजगार के इच्छुक आवेदकों से अपील की है कि वे अपने सभी मूल प्रमाण-पत्रों एवं अपना बायोडाटा सहित साक्षात्कार के लिए 31 अक्टूबर को सुबह 11 बजे उपस्थित होकर युवा संगम रोजगार मेला का का लाभ लें. भर्ती कंपनियों द्वारा अपनी शर्तों पर की जाएगी. साक्षात्कार के समय, कंपनी से समस्त जानकारी स्वयं प्राप्त करें.

# बालक वर्ग में सीहोर, बालिका वर्ग में नर्मदापुरम विजेता

**एलएनसीटी, 6वीं सब-जूनियर राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता**

**भोपाल, 29 अक्टूबर. मध्य प्रदेश रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा एलएनसीटी यूनिवर्सिटी कोलार रोड भोपाल में आयोजित 6वीं सब-जूनियर राज्य स्तरीय रग्बी 7 एस प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए सब-जूनियर बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में सीहोर ने देवास को 20-10 से हराकर खिताब हासिल किया.**

हार्डलाइन मुकाबले में रतलाम ने देवास कॉरपोरेशन को 05-00 से हराकर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया. सब-जूनियर बालिका वर्ग फाइनल मुकाबले में नर्मदापुरम ने रतलाम को 05-00 से हराकर विजेता का खिताब हासिल किया. हार्डलाइन मुकाबले में बैतूल ने देवास को 10-05 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया. प्रतियोगिता के समापन पर डॉ. श्वेता चौकसे प्रो चांसलर एलएनसीटी विद्यापीठ यूनिवर्सिटी इंदौर, अबरार अहमद शेख सचिव रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन मध्यप्रदेश, पंकज कुमार जैन कोषाध्यक्ष रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन मध्यप्रदेश ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया.

**खेल** टूर्नामेंट में भाग ले रहीं भेल की 9 यूनिटों की टीमें

# बीएचईएल इंटर यूनिट एथलेटिक्स टूर्नामेंट शुरू

बीएचईएल संवाददाता

**भोपाल, 29 अक्टूबर. बीएचईएल इंटर यूनिट एथलेटिक्स टूर्नामेंट 2025 का बुधवार को बीएचईएल, भोपाल स्पोर्ट्स क्लब में उत्साहपूर्वक शुभारंभ हुआ. कार्यक्रम का उद्घाटन बीएचईएल भोपाल के महाप्रबंधक एवं प्रमुख पी.के. उपाध्याय ने बीएचईएल ध्वज फहराकर किया.**



इस अवसर पर विपुल अग्रवाल, महाप्रबंधक (एमएम) एवं अध्यक्ष, बीएचईएल स्पोर्ट्स अथॉरिटी; गौतम मजूमदार, महाप्रबंधक (सीएमजी, पीएमजी, सीसी एवं डीटीजी); आर.के. अग्रवाल, महाप्रबंधक (एसओएम); एस.के. महाजन, महाप्रबंधक (टीजीबी-इंजीनियरिंग सर्विसेस एवं एमएम); रूपेश तैलंग, महाप्रबंधक (फीडर्स एवं टीसीबी-मैन्युफैक्चरिंग, कमर्शियल एवं मेंटेनेंस); तथा टी.यू. सिंह, महाप्रबंधक (एचआर) उपस्थित रहे. दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में बीएचईएल की नौ इकाइयों-जगदीशपुर, बेंगलुरु, हरिद्वार, हैदराबाद, तिरुमायम, त्रिची, रानीपेट, भोपाल और झांसी की टीमें भाग ले रही हैं.

अपने संबोधन में उपाध्याय ने कॉर्पोरेट प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भोपाल इकाई के लिए इस प्रतियोगिता की मेजबानी करना गौरव की बात है. उन्होंने आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना की और टीम भावना तथा स्वास्थ्य पर विशेष बल दिया.

## विश्व शांति विधान का शुभारंभ

**भोपाल, 29 अक्टूबर.** मंगलवारा जैन धर्मशाला में विश्व शांति विधान का शुभारंभ हुआ. राजस्थान से आई भजन गायिका प्रीति एवं संगीत पार्टी की भजनों की प्रस्तुति के साथ सिद्धचक्र महामण्डल विधान, आयिका सृष्टि भूषण माता जी ससंघ के सानिध्य में विधान का शुभारंभ हुआ. मुंगावली की निशि दीदी ने मांडना बनाया. अध्यक्ष आदित्य मनयां एवं संजय मुगावली ने बताया कि महोत्सव के मुख्य पात्र मैनासुंदरी श्रीपाल आशा सुभाष जैन खलीचुनी परिवार, सौधमी इन्द्र रिषभ मंजु जैन, कुबेर इन्द्र रजनीश खूशबू जैन, महायज्ञ नायक आरती धर्मेंद्र बने हैं.

# विद्यार्थियों को बताए सीबीआई के अधिनियम

**मैनिट में सीबीआई एसपी ने दी जानकारी**

**भोपाल, 29 अक्टूबर. मैनिट भोपाल में आयोजित सतर्कता जागरुकता अभियान के तहत बुधवार को सीबीआई शाखा प्रमुख शुभेन्द्र कट्टा, पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक शाखा भोपाल को आमंत्रित किया गया.**




कट्टा ने अपने उद्बोधन में सीबीआई के अधिनियम और धाराओं के बारे जानकारी दी , दूसरे भाग में उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से भ्रष्टाचार के प्रकारों के बारे बताया . तीसरे भाग में उन्होंने साइबर क्राइम के वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से भ्रष्टाचार के होने से पहले पहचानना और उसे रोकने की तकनीकी तरकीबें बताईं. प्रारंभ में मैनिट के मुख्य सतर्कता अधिकारी प्रो. विमलेश कुमार सोनी ने अपने स्वागत भाषण में सीबीआई और संस्थान के सीवीओ कार्यालय के संयुक्त प्रयासों के बारे में प्रकाश डाला. कार्यक्रम का संचालन प्रो. मनीष विश्वकर्मा एवं प्रो.विकास पूनिया ने तथा आभार प्रदर्शन प्रो.ललिता गुप्ता बी किया.